इंदौर | शुक्रवार | 6 जून 2025 | वर्ष 65 | अंक 122 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




## ‘मेक इन इंडिया’ राफेल ढांचा

### द सॉल्ट एविएशन और टाटा समूह के बीच हुआ करार

**नई दिल्ली, 5 जून. फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने गुरुवार को भारत में राफेल लड़ाकू विमानों की बॉडी (फ्यूजलॉज) बनाने के लिए समझौते का एलान किया. साझेदारी के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू जेट के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी.**




टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि पहले फ्यूजलॉज (विमान का धड़) के वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है. इस सुविधा से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है. बयान में बताया गया है कि टीएएसएल हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी. इसमें विमान की बॉडी, पूरा पिछला भाग और अगले हिस्से का निर्माण होगा.

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए डसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. डसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल की बॉडी का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा. यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है.

टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने कहा, भारत में सम्पूर्ण राफेल विमान का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते विश्वास तथा डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की मजबूती को रेखांकित करता है. उन्होंने कहा, यह कदम भारत की एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन कर सकता है.

### भारत करेगा हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन जल्द ही एक्सटेंडेड ट्रैजेक्टरी - लॉन्ग ड्यूरेशन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल (ईटी-डीएलएचसीएम) का परीक्षण करने वाला है. यह मिसाइल प्रोजेक्ट विष्णु का हिस्सा है. इसे भारत की सबसे उन्नत हाइपरसोनिक तकनीक माना जा रहा है. इस मिसाइल की खासियत ऐसी है कि यह दुश्मनों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है. ईटी-डीएल एचसीएम यानी एक्सटेंडेड ट्रैजेक्टरी-लॉन्ग ड्यूरेशन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल एक ऐसी मिसाइल है, जो ध्वनि की गति से 5 गुना से भी ज्यादा तेज (मैक 5 से ऊपर) उड़ सकती है.



## राजस्थान के खीचन और मेनार को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

- भारत के रामसर स्थलों की संख्या हुई 91
- प्रवासी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण आश्रय स्थल

**नई दिल्ली. विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर भारत ने एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय उपलब्धि हासिल की है. देश की दो नई आर्द्रभूमियों-राजस्थान के खीचन और मेनार को अंतरराष्ट्रीय महत्व की रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है.**

इस नई प्रविष्टि के साथ भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या बढ़कर 91 हो गई है. केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार देर शाम इस उपलब्धि की जानकारी साझा की. उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण और हरित भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया. खीचन, जो राजस्थान के फलोदी क्षेत्र में स्थित है, और मेनार, जो उदयपुर जिले में स्थित है, जैव विविधता और प्रवासी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण आश्रय स्थल हैं.

## एक नजर में



### महाराष्ट्र में दो सड़क दुर्घटना में 8 की मौत

**नासिक.** महाराष्ट्र के नासिक जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी और अन्य तीन घायल हो गये हैं. जिले में बुधवार रात को नासिक-कलवान मार्ग पर कोल्हापुर फाटा के निकट एक कार बंगले से टकरा गयी, जिसमें तीन महिलाओं और एक चार वर्षीय लड़की सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा दो अन्य लोग घायल हो गये. मृतकों की पहचान शैला वसंत भदान (62), सरला भालचंद्र भदान (50), माधवी मेटकर (32), त्रिवेणी मेटकर (चार) और कार चालक खालिक महमूद पठान (50) के रूप में हुई है.

### साकेत कोर्ट के लॉकअप में हत्या से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली.** दिल्ली के साकेत कोर्ट के अंदर बने लॉकअप में हत्या से हड़कंप मच गया है. साकेत कोर्ट के लॉकअप में दो अन्य कैदियों ने अमन नामक कैदी की हत्या कर दी. वे दोनों तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे और उन्हें अदालती कार्यवाही के लिए साकेत कोर्ट लाया गया था. दिल्ली पुलिस के अनुसार, दिल्ली के साकेत कोर्ट लॉकअप के अंदर अमन नामक कैदी की हत्या हुई है. अन्य सह कैदियों पर अमन की हत्या का आरोप है. वे दोनों तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे और उन्हें अदालती कार्यवाही के लिए साकेत कोर्ट लाया गया था.

### एक करोड़ का इनामी नरसिम्हा चलम ढेर

**बीजापुर.** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी माओवादी सीसी मेम्बर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधारक को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है. नरसिम्हाचलम मूलत: आंधप्रदेश के चिंतापालुदी का रहने वाला है. वह नक्सल संगठन में शिक्षा विभाग के कामों को देखता था. इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की पुख्ता सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को अभियान पर रवाना किया गया था. अभियान के दौरान आज सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई.

### फूड प्वाइजनिंग से 95 मरीजों की बिगड़ी तबियत

**हैदराबाद.** तेलंगाना के मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में फूड पॉइजनिंग का मामाला तूल पकड़ रहा है. इस अस्पताल में फूड पॉइजनिंग से 90 से ज्यादा मरीजों के बीमार होने की बात सामने आई है. वहीं एक मरीज की मौत हो गई है. इसके बाद तेलंगाना सरकार तुरंत एक्शन में आई और डाइट कॉन्ट्रैक्ट को रद्द करने का आदेश दिया. आईएचएम के अधीक्षक के अनुसार, 92 लोग संदिग्ध फूड पॉइजनिंग के कारण प्रभावित हुए. इनमें से 18 को बेहतर देखभाल के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया है.

## वेलनेस समिट: 1950 करोड़ निवेश प्रस्ताव

### सीएम बोले-यही समय है महाकाल की नगरी में निवेश कर

**उज्जैन, 5 जून. महाकाल की नगरी में निवेश करने का यही समय है, सही समय है, मध्य प्रदेश सरकार एक विशेष अवसर प्रदान कर रही है. निवेशकों ने जिस गंभीरता के साथ करोड़ों अरबों के निवेश की संभावनाएं जताई है उससे प्रदेश को एक बार फिर विकास के पंख लगेंगे.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट के दौरान कही. मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि भंडारी ग्रुप, भदोरिया ग्रुप से लेकर आधा दर्जन से अधिक निवेशकों ने उज्जैन में निवेश करने का वादा किया है. निवेशकों से वन टू वन चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश के लिए सभी को हमने खुले दिल से आमंत्रित किया और राज्य की अनुकूल निवेश नीतियों पर प्रकाश डाला.

उज्जैन महाकाल कीनगरी में आयोजित स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट वेलनेस, हॉस्पिटैलिटी, स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिकता से जुड़े 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अरबिंदो हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी, लीजर होटल्स ग्रुप के डायरेक्टर मुकुंद प्रसाद, शतायु आयुर्वेद के सीईओ और एमडी डॉ. मृत्युंजय स्वामी, मे.फ़ेयर ट्रैवल्स के एमडी शरद थडानी, लाभम ग्रुप के डायरेक्टर युगांश सोनी, शांतिगिरी आश्रम के जोनल हेड स्वामी चितासुधन ज्ञान तपस्वी, रॉयल ऑर्किड होटल के डायरेक्टर सुदीप रॉय, एरा हॉस्पिटैलिटी के संस्थापक शिवंदर सिंह, सीएचएल हॉस्पिटल ग्रुप के डायरेक्टर राजुल भार्गव, लेटेन्ट डेवकॉन के डायरेक्टर आदि ने भेंट की.

## बिना इजाजत विक्ट्री परेड में फ्री एंट्री

- बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ पर खुलासा
- पोस्ट वायरल होने पर कुछ घंटों में 10 लाख बार देखा गया

**बेंगलुरु, 05 जून. आरसीबी मैनेजमेंट ने कथित तौर पर आईपीएल 2025 के फाइनल से पहले 3 जून को बेंगलुरु सिटी पुलिस से संपर्क कर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री परेड की इजाजत मांगी थी. सूत्रों ने बताया कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मैनेजमेंट ने पुलिस से अनुमति मिलने के पहले ही अपनी विक्ट्री परेड के बारे में एक्स पर जानकारी सार्वजनिक की.**



आरसीबी के हैंडल से किया गया यह पोस्ट वायरल हो गया और इसे कुछ घंटों में ही 10 लाख से अधिक बार देखा गया. सूत्रों की मानें तो इसी सोशल मीडिया पोस्ट के बाद स्टेडियम के बाहर भीड़ बढ़ गई और बाद में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए. बेंगलुरु पुलिस ने कथित तौर पर आरसीबी को सूचित किया था कि विक्ट्री परेड के लिए उसकी ओर से कोई अनुमति नहीं दी गई है.

## रेलवे नेट जीरो उत्सर्जन

**नयी दिल्ली, 5 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बताया कि कैसे भारतीय रेलवे तेज विद्युतीकरण के जरिए देश को ग्रीन फ्यूचर की ओर ले जाने में मदद कर रही है.**



प्रधानमंत्री कार्यालय ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आर्टिकल शेयर करते हुए लिखा, विश्व पर्यावरण दिवस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैसे भारतीय रेलवे ग्रीन फ्यूचर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. तेज विद्युतीकरण और क्लीन एनर्जी की ओर से बदलाव से रेलवे नेट जीरो उत्सर्जन की तरफ आगे बढ़ रही है. केंद्रीय मंत्री ने कहा, 2014 से पहले के 60 सालों में भारतीय रेलवे ने 21,000 किलोमीटर ट्रैक का विद्युतीकरण किया था. पिछले 11 सालों में हमने 47,000 किलोमीटर ट्रैक का विद्युतीकरण किया है. केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लिखे आर्टिकल में लिखा, हर बार जब आप अन्य साधनों की बजाय ट्रेन से यात्रा करना चुनते हैं, तो आप सिर्फ आराम या सुविधा नहीं चुन रहे होते हैं बल्कि आप एक स्वच्छ, ग्रीन भारत चुन रहे होते हैं.

### 2030 तक 11,829 करोड़ का होगा भारत का डिजिटल फोरेंसिक बाज़ार

**नई दिल्ली ,5 जून .** भारत का डिजिटल फोरेंसिक बाजार वित्त वर्ष 2029-30 तक 11,829 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो करीब 40 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्शाता है, जो वैश्विक औसत से तीन गुना अधिक है. डेलॉइट इंडिया और डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) की रिपोर्ट के अनुसार, मोबाइल फोरेंसिक इस बाजार का 51 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करता है, जो स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल और मोबाइल-सेंट्रिक साइबर अपराधों के कारण तेजी से बढ़ रहा है. रिपोर्ट के अनुसार कि 81 प्रतिशत मांग कानून प्रवर्तन एजेंसियों से आ रही है.

## ईडी के दिल्ली, नोएडा समेत 10 ठिकानों पर छापे

### सिद्धदाता इस्पात पर 190 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी के आरोप पर कार्रवाई

**नई दिल्ली, 5 जून. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक गंभीर मामले में गुरुवार को सिद्धदाता इस्पात प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं पर बड़ा शिकंजा कसते हुए दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और पानीपत समेत 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. यह कार्रवाई बैंक ऑफ बड़ौदा (पूर्व में देना बैंक) के साथ की गई लगभग 190 करोड़ की वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित है.**




ईडी ने कंपनी के कार्यालयों, निदेशकों के घरों और अन्य संबंधित परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान बड़ी मात्रा में महत्वपूर्ण दस्तावेज़, डिजिटल डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए गए, जिनसे इस घोटाले की परतें खुलने की उम्मीद है. जांच के घेरे में कंपनी के प्रमोटर, निदेशक, भागीदार, लेखा परीक्षक (ऑडिटर) और अन्य साजिशकर्ता शामिल हैं. इन्हीं लोगों ने बैंक से लिए गए करोड़ों रुपये के लोन को गलत तरीकों से डायवर्ट कर धोखाधड़ी की गई. ईडी की यह जांच दिल्ली स्थित जोनल ऑफिस-1 के नेतृत्व में चल रही है.

### एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में पांच जिलों में मारी दबिश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे से ठीक पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी साजिश के खिलाफ सघन अभियान चलाया. पुलवामा, कुलगाम, शोपियां, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया. यह कार्रवाई आतंकी नेटवर्क और उनके भूमिगत सहयोगियों (ओवरग्राउंड वर्कर) के विरुद्ध की गई. जांच एजेंसी ने छापेमारी के दौरान चलित दूरभाष, संगणक यंत्र, डिजिटल साक्ष्य और वित्तीय दस्तावेज जब्त किए हैं. जिनके घरों पर तलाशी हुई उनमें एक शिक्षक, एक छात्रा और कुछ व्यापारी शामिल हैं, जिन पर सीमा पार बैठे आतंकियों से संपर्क का संदेह है. एनआईए और राज्य जांच एजेंसी मिलकर इन गुप्त आतंकी इकाइयों (स्लीपर सेल) को समाप्त करने के लिए अभियान चला रही हैं.

‘एक पेड़ मां के नाम’ | विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरित संदेश

## अरावली क्षेत्र को हरा-भरा करने का दिलाया संकल्प

**नई दिल्ली, 5 जून. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नई हरित पहल ‘एक पेड़ मां के नाम’ की शुरुआत करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक संदेश दिया. इस अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में पौधारोपण किया.**




यह पहल देश की सबसे पुरानी पर्वतमालाओं में से एक, अरावली श्रृंखला को फिर से हरा-भरा बनाने की दिशा में एक अहम कदम है. यह कार्यक्रम ‘अरावली ग्रीन वॉल परियोजना’ का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अरावली क्षेत्र में हरियाली को बढ़ाना और पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करना है. प्रधानमंत्री मोदी ने ‘एक्स’ पर लिखा कि अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली हुई है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अरावली से जुड़े क्षेत्रों के पुनर्जीवन के लिए संकल्पित है और इस दिशा में योजनाबद्ध कार्य किया जा रहा है. उधर, प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार की नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

### देश को मिलेगा दुनिया का सबसे ऊंचा पुल

जम्मू-कश्मीर के इतिहास में 6 जून को नया अध्याय जुड़ेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिनाब पर बने एफिल टावर से ऊंचे आर्च ब्रिज यानी मेहराब पुल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. माता वैष्णो देवी मंदिर स्थल कटड़ा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम मोदी कटड़ा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाएंगे. चिनाब पुल को वास्तुशिल्प की बेमिसाल कृति बताते हुए बयान में कहा गया कि यह दरिया से 359 मीटर की ऊंचाई पर है.

## दो अमेरिकी नागरिकों सहित 63 पर्यटकों को किया एयरलिफ्ट

**गंगटोक, 05 जून. भूस्खलन से तबाह उत्तरी सिक्किम के चाटेन गांव से दो अमेरिकी नागरिकों सहित फंसे 63 पर्यटकों को गुरुवार को भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से गंगटोक से लगभग 30 किलोमीटर पूर्व में पाकयोंग हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया.**



पाकयोंग हवाई अड्डे पर पहुंचाये गये लोगों में एक बौद्ध भिक्षु भी शामिल है. ये लोग 29 मई को बादल फटने के बाद हुए भूस्खलन के कारण फंसे हुए थे. इसके कारण सिक्किम के उत्तर में स्थित अंतिम गांव से दुनिया के बाकी हिस्सों में जाने के सभी रास्ते बंद हो गए थे. चाटेन और लाचेन के दूसरी तरफ चीन की सीमा है. सिक्किम सरकार की एक-लाइनर विज्ञप्ति में कहा गया है, वयस्कों, बच्चों और दो अमेरिकी नागरिकों सहित कुल 63 पर्यटकों को भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से निकाला गया और पाकयोंग हवाई अड्डे पर लाया गया.